सार-समाचार

परिवाद तय समय में निपटाएं : यादव

बालोतरा, निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रशासन को आमजन से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को गुड़ामालानी में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने की।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सडक, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, भूमि संबंधी प्रकरण, आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य विभागों से जुडी समस्याएं एवं परिवेदनाएं प्रस्तुत कीं। जिला कलक्टर श्री यादव ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को राहत प्रदान करना है, इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव है, उनका तुरंत निस्तारण किया जाए तथा शेष प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, बिजली, सडक तथा राजस्व संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा समेत विकास अधिकारी, तहसीलदार, विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी। जनसुनवाई में बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। प्रशासन द्वारा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान भी किया गया, जिससे आमजन को राहत मिली।

सात महिला रेलकर्मियों का सम्मान किया

जोधपुर, (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा जयपुर स्थित मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जोधपुर मंडल की महिला रेलकर्मियों ने भी अपनी उपलब्धियों से गौरव बढ़ाया। समारोह में जोधपुर मंडल की सात महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि 11 मार्च को उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय के संकल्प सभागार में आयोजित इस समारोह में विभिन्न मंडलों की कुल 40 महिला रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। जोधपुर मंडल से चल टिकट परीक्षक जेनिस जोसेफ,चल टिकट परीक्षक बसंती टाक,स्टेशन मास्टर नेहा पारीक,टेक्नीशियन (कर्षण) अंजलि धाकड़,कार्मिक शाखा की वरिष्ठ क्लर्क मनीषा,सीनियर सेक्शन इंजीनियर सुलेखा कुमारी तथा संकेत एवं दूरसंचार शाखा की ईएसएम बरखा राठौड़ को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने सम्मानित महिला रेलकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि महिला कर्मचारी रेलवे के विभिन्न विभागों में जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और उनका कार्य अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

'घरेलू गैस सिलेंडरों का है पर्याप्त स्टॉक'

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है एवं नियमित रूप से उनकी आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडरों के दक्षतापूर्ण उपयोग के लिए केंद्र सरकार के निर्देशानुसार अब उपभोक्ता घरेलू गैस कनेक्शनों पर सिलेंडर प्राप्त करने के अगले 25 दिन उपरांत ही सिलेंडर पुन: भरा पायेंगे। गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों की डोर-स्टेप डिलीवरी की जाती है। जिला कलक्टर ने उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान नहीं देकर अपने पंजी.त मोबाइल नंबर से गैस सिलेंडर बुक करावें। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला रसद अधिकारी, पुलिस उप अधीक्षक एवं संबंधित कंपनियों के सेल्स ऑफिसर्स के साथ संयुक्त जाँच दल का गठन किया गया है जो घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग, कालाबाजारी एवं अधिक कीमत वसूलने की घटनाओं के संबंध में नियमित रूप से निगरानी करेगा और एलपीजी नियंत्रण आदेश, 2000 के तहत कार्यवाही करेगा। जिला स्तर पर इस संबंध में कंट्रोल रूम का गठन किया गया है एवं उपभोक्ता घरेलू गैस आपूर्ति के संबंध में किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर एवं पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

जैन मंदिरों में धार्मिक आयोजन आज

जोधपुर, (कासं)। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के पावन जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत, श्री दिगंबर जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पंचायत अध्यक्ष दीपक गोधा ने बताया कि भगवान आदिनाथ के पावन जन्म कल्याणक महोत्सव आज गुरुवार 12 मार्च को बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 6 बजे 108 कलशों से भगवान आदिनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 7 बजे से नित्य नियम पूजन आयोजित होगा। प्रात: 8.30 बजे इन्द्रारोहण का आयोजन होगा तथा उसके पश्चात प्रात: 9 बजे से भगवान आदिनाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा में भगवान की प्रतिमा सुसज्जित रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेगी। यह रथ यात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर ओलंपिक सिनेमा, तारघर, गोल बिल्डिंग तथा जालोरी गेट मार्ग से होकर पुन: मंदिर पहुंचेगी। रथ यात्रा के दौरान बैंड बाजों एवं झांकियों के साथ भक्तगण भगवान के जयकारों के साथ चलेंगे। रथ यात्रा के पश्चात आदिनाथ वाटिका में वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है तथा सायंकाल में मंदिर में 108 दीपों से भगवान आदिनाथ की आरती की जाएगी।

बारेठ व जोशी को श्रद्धांजलि दी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर प्रेस क्लब की ओर से गुरुवार, 12 मार्च को गांधी मैदान प्रेस क्लब कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ और दिनेश जोशी को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देते वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ और दिनेश जोशी के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत को जो क्षित हुई, उसकी पूर्ति संभव नहीं है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान शहर के कई पत्रकार और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत पत्रकार साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौजूद पत्रकारों ने कहा कि नारायण बारेठ और दिनेश जोशी दोनों ही पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय थे और उन्होंने अपने कार्यकाल में समाज और पत्रकारिता जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षित हुई है। वरिष्ठ पत्रकार एम.आर. मलकानी, सुरेश व्यास, गुरूदत्त अवस्थी, मुन्नवर अली, शरद शर्मा, राजेश शर्मा, अजय आस्थाना, केडी इसरानी, सुरेश चौधरी, कमल वैष्णव, यशपालसिंह, गुलाम मोहम्मद, शिवसिंह, सुमित लोढ़ा, रंजन दैय्या, श्रेयांश भंसाली, भंवर जागिड़, मिश्रीलाल पंवार , एलके पुरोहित, राजीव गौड़, भगवान पंवार,प्रवीण धींगरा सहित कई पत्रकारों श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश कार्यकारिणी में जालोर के कई जने

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नई कार्यकारिणी में जालौर जिले के कई नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। घोषित सूची के अनुसार एडवोकेट इकबाल खान (भीनमाल) और आमीन मोयला को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। वहीं सलीम मोयला तथा एडवोकेट रज्जब अली खोखर को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा इकबाल खान और अमरुद्दीन किरवाला को सचिव सहसचिव पद पर नियुक्त किया गया है। घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ अल्पसंख्यक समाज की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने इमरान प्रतापगढी, एम.डी. चोपदार एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। बाइक स्लिप होने से घायल हुए एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। डांगियावास पुलिस थाना में दी रिपोर्ट में पाली जिले के नाणा थानान्तर्गत लक्ष्मणपुरा जोडफली निवासी दिनेश पुत्र नाथाराम गरासिया ने पुलिस को बताया कि गत 19 फरवरी को पालासनी गांव में उसके भाई शैताराम उर्फ चैन कुमार पुत्र नाथाराम की बाइक स्लिप हो गई थी। हादसे में उसके सिर पर गंभीर रूप से चोट लगी। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां अब उसकी मौत हो गई है।

योगी आदित्यनाथ के जालोर आगमन की तैयारी पर चर्चा की

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाडे में गुरूवार को पीर गंगानाथ महाराज की अध्यक्षता में सिरे मंदिर धाम पर रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वी वर्षगांठ पर महायज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ एवं धर्म सभा में गोरखपुर के पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के आगमन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

आयोजन समिति के व्यवस्थापक पारममल परमार ने बताया कि सिरे मंदिर धाम पर प्राचीन आराध्य धाम रतनेश्वर महादेव मंदिर की 375 वी वर्षगाठ पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में 15 व 16 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रम में महायज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ एवं विशाल धर्मसभा का आयोजन पीर गंगानाथ महाराज के सानिध्य में सिरे मंदिर धाम पर किया जायेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिरकत करेगे। उनकी दो दिवसीय धार्मिक यात्रा को लेकर बैठक में कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी प्रदान की गई। दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सिरे मंदिर धाम पर तैयारियों जोरो पर जारी है।

वही योगी आदित्यनाथ महाराज के सिरे मंदिर धाम पर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में कार्यकर्ताओं को कहा गया कि इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ता पूर्ण लगन के साथ कार्य करें।

बैठक में योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी रेवती नाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी सांईनाथ महाराज, योगी शेरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज का सानिध्य रहा।

15 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज चितोडगढ से दोपहर 1.55 बजे हैलीकॉप्टर से रवाना होकर सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ आदर्श विधा मंदिर स्कूल ग्राउंड में दोपहर 2.45 बजे पहुंचेकर विद्यालय भवन का अवलोकन करेंगे। वहां से पैदल मार्ग द्वारा दोपहर 4 बजे रवाना होकर सिरे धाम के लिए रवाना होगे। वही सिरे मंदिर तलहटी पर योगी आदित्यनाथ महाराज ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा के समक्ष अपनी आस्था प्रकट कर सिरे मंदिर धाम की ओर प्रस्थान करेगे। वही तलहटी पर भक्तो द्वारा योगी आदित्यनाथ महाराज का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद सिरे मंदिर धाम पर पहुंचकर वहा देवी देवताओं व पीर शांतिनाथजी महाराज की समाधि के दर्शन कर पीर गंगानाथ महाराज से भेंट कर देश में खुशहाली व शांति की कामना करेगे। योगी आदित्यनाथ महाराज रात्रि को सिरे मंदिर धाम पर ही विश्राम करेगे। वही 16 मार्च को प्रात: 6.30 बजे से श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर महायज्ञ की पूर्णाहुति देगे। इसके बाद सिरे मंदिर धाम स्थित कन्यागिरी प्रागंण में प्रात- 10 बजे विशाल धर्म सभा को सम्बोधित करेगे। धर्म सभा के समापन के बाद प्रात: 11.50 बजे पुन: हैलीपेड पहुंचेगे। जहां से हैलीकाप्टर से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे तथा वहा से उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सिरे मंदिर धाम धार्मिक यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता इंतजाम किया गया है।

जालोर में कांग्रेस का गैस सिलेण्डर को लेकर प्रदर्शन

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की और से 12 मार्च को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम बढाने और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कॉमर्शियल सिलेण्डर की किल्लत के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट जालोर के सामने जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृत्व में विरोध- प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए तथा केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया।

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजन गणपत सिंह मांडोली हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों द्वारा की जा रही भूख हडताल स्थल पर जाकर परिजनों से मुलाकात कर अपना समर्थन दिया। साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृव में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक जालोर से मुलाकात कर उक्त हत्याकांड के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने एवं पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाने की मांग रखी।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, ईशराराम विश्नोई,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, जिला संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी,गजेन्द्र सिंह डोडियाली,भोमाराम मेघवाल, मुमताज अली, खसाराम मेघवाल, रमेश सोलंकी, बसंत सुथार,जाकिर खान,सी एल गहलोत, कामिनी शर्मा,गीताश्री मेघवाल,जुबैदा बनो,शीला चौधरी, सुरेश मेघवाल,छगनलाल माली, साकिर खान,देवाराम सांखला, दीपाराम मेघवाल, सुरेश चौधरी, आलम खान, कालूराम मेघवाल, महेंद्र सोनगरा, जोगाराम सरगरा, पुखराज माली, कपूराराम परिहार, कार्तिक दवे, रजब खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

जोराराम ने आरोग्य मेले का शुभारंभ किया

पाली, (नि.सं.) पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरूवार को पाली के रामलीला मैदान में संभाग स्तरीय आयुर्वेद मेले का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मंत्री कुमावत ने कहा कि आरोग्य व स्वास्थ्य का हमारे जीवन में बेहद् महत्वपूर्ण स्थान है। शरीर स्वस्थ होता है तो व्यक्ति सब कुछ प्राप्त कर सकता है इसे ध्यान रखते हुये आमजन के लिये आरोग्य मेले का आयोजन किया गया है। केन्द्र व राज्य सरकार भी आमजन के स्वास्थ्य हितो को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मेला आमजन के लिए उपयोगी साबित होगा, क्योंकि पूर्व में सुमेरपुर में भी इस विभाग के द्वारा जो मेला लगाया गया था उसका आम जनता को बहुत लाभ मिला और विशेष कर बच्चों का भी सफल इलाज किया गया। इसके लिए आयुष विभाग धन्यवाद का पात्र है। कुमावत ने कहा कि आज के समय में आयुर्वेद इलाज बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने कहा कि एलोपैथी से जल्दी ठीक तो हो सकते हैं, परंतु साइड इफेक्ट ज्यादा हैं, किंतु आयुर्वेद का इलाज धीरे जरूर है पर बीमारी को जड़ से नष्ट कर देता है।

मंत्री ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों के द्वारा जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता रहा है। मेले में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग एवँ प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा लाभान्वित किया जायेगा। शुभारंभ के पश्चात मंत्री कुमावत, आईएएस बिरजू गोपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, आयुक्त नगर निगम नवीन भारद्वाज, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र सिंह राणावत, पुखराज पटेल सहित अन्य मेहमानों ने आरोग्य मेले में लगी समस्त व्यवस्थाओं एवं आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी के विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में संभाग नोडल अधिकारी अर्जुनसिंह, सयुक्त निदेशक बजरंग लाल शर्मा, उपनिदेशक जालोर डॉ भवानी सिंह, उपनिदेशक ब्यावर सीपी सिंह, देवीलाल मेघवाल, डॉ शिव कुमार शर्मा अन्य सभी आमजन मौजूद रहे। मेले में 13 से 14 मार्च को शाम 7 बजे भव्य संस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार भाग लेंगे। सांस्कृतिक आयोजन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के सौजन्य से किया जाएगा।

दांडी यात्रा की वर्षगांठ मनाई

जैसलमेर, (नि.सं.)। दांडी यात्रा की वर्षगांठ पर दांडी स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में खादी ग्रामोद्योग परिषद जैसलमेर के उपाध्यक्ष एवं गांधीवादी विचारक मदनलाल भूतड़ा ने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज विषय पर बोलते हुए खादी ग्रामोद्योग परिषद जैसलमेर के मंत्री एवं गांधीवादी विचारक राजुराम प्रजापत ने बताया कि जैसलमेर में गांधी के ग्राम स्वराज पर काम करते हुए गांधीवादी विचारक और खादी ठाामोद्योग परिषद जैसलमेर संस्थापक पूर्व अध्यक्ष भगवान दास महेश्वरी द्वारा कबीर बस्ती बसाया जो गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करता है।

महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के युवा समन्वयक दिलिप सिंह सोलंकी बरमसर ने बताया कि संगोष्ठी से पहले विजय स्तम्भ से हनुमान चौराहे पर स्थित गांधी दर्शन पर गांधी प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला गया।

गैस की कीमत वृद्धि के विरोध में कांग्रेसजनों का हल्लाबोल प्रदर्शन

फलोदी, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय गैस सिलेंडर कीमत वृद्धि, ईंधन संकट, एवं खाडी देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी जैसे मुद्दों को लेकर गुरुवार को धरना,प्रदर्शन, पैदल मार्च के साथ प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर फलोदी को ज्ञापन दिया।

धरने के दौरान कांग्रेस जनों ने भाषण एवं नारों के माध्यम से केंद्र सरकार को आडे हाथों लिया। प्रकाश छंगाणी प्रत्याशी विधानसभा ने कहा कि सरकार विदेश नीति कूटनीति और राजनयिक संबंधो का बेडा गरख कर रही हैं। प्रमुख वक्ता सलीम नागौरी जिला अध्यक्ष फलोदी, प्रकाश छंगाणी, ओमप्रकाश राव प्रधान प्रतिनिधि लोहावट, जगदीश पालीवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बाप, मोमराज बिश्नोई, सिकन्दर खान, ललित चाडा, रामलाल विश्नोई एनएसयूआई, शीशपाल सरपंच प्रतिनिधि, हुकमाराम विश्नोई, शकूर खान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, मोहम्मद अली सरपंच ननेऊ,इलमदीन ब्लाक अध्यक्ष, केशुराम ब्लाक अध्यक्ष, पुखराज ब्लाक अध्यक्ष, चुन्नी लाल मेघवाल, हरेंद्र सिंह, अशोक व्यास पूर्व पार्षद ,बाबू सिंह सरपंच,अरुण मेघवाल पूर्व पार्षद सहित दर्जनों वक्ताओं ने उद्बोधन में सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए लंबा संघर्ष करने का आहवान किया।

इस अवसर पर मोहन मेघवाल, नटवर लाल मेघवाल,जगदीश पंवार छिला, सुशील भाटी, मौलवी कासम खान, वकील अब्दुल मजीत,अशोक मेघवाल, वकील गोरधन, वकील बीआर मकवाना, सोहन लाल पंवार, लाल सुथार, भंवर सांसी, प्रकाश सैन, चंदन मेघवाल, अलादीन खोखर,संतोष लखन, कैलाश खीचड, सूर्य प्रकाश थानवी, जाकिर खिलजी, लीलाधर पालीवाल, यश पाल सिंह राव, फारुख खान,सफी न्यारिया,फरसा राम विश्नोई, ओम प्रकाश सरपंच, अनवर हुसैन, धोकल राम, भूरा राम छिला, श्रवण मेघवाल, नटवर शर्मा आदि रहे।

आवडदान चारण का स्वागत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा नव निर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आवड दान चारण के जालोर आगमन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने स्वागत अभिनंदन किया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आवड दान चारण के जालौर आगमन पर गुरुकुल मल्लेश्वर मङ्ग में उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। दिलीप सोलंकी ने साफा माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। संचालन एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने किया।

कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी,नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी,अंबालाल व्यास, दिलीप सोलंकी, एडवोकेट सुरेश सोलंकी, भैरूसिंह गुर्जर डिम्पलसिंह, गीता बारोट, दिनेश महावर, अशोक गुर्जर, धनपत मुथा, सुशीला सैन सहित कई उपस्थित थे।

आलावास में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

पाली, (नि.सं.। सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को जिले के सोजत उपखंड के आलावास में आयोजित हुआ, जिसमें 11 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व सोजत विधायक शोभा चौहान सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि दाती महाराज द्वारा कन्याओं को वैवाहिक बंधन में जोड़ने का यह पुण्य कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने दाती महाराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गौ सेवा से लेकर कन्या शिक्षा तक अनेक सामाजिक सरोकारों के क्षेत्रों में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

कार्यक्रम पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री दिलावर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से अनावश्यक खर्चों में कमी आती है तथा बचत को आने वाली पीढ़ी की शिक्षा और जागरूकता पर लगाया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री दिलावर ने सभी 11 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें उपहार प्रदान किए तथा माता-पिता को बधाई दी।

साथ ही उन्होंने वर-वधू के परिजनों के निर्णय को समाज में शिक्षा और उन्नित की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। दाती सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम श्री शनिधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वरूपानंद पुरी महाराज (दाती महाराज) की कृपा से संपन्न हुआ। सम्मेलन में वादी, कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे व सोजत विधायक शोभा चौहान ने समाज के लोगों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने का आहवान करते हुए पाली-जोधपुर में छात्रावास निर्माण के कार्य किए जाएंगे। लोनी (उत्तर प्रदेश) के विधायक नंद किशोर गुर्जर, लक्ष्मीनारायण दवे सहित के संत-महात्मा, समाज के जनप्रतिनिधि, वर-वधू के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गैस गोदामों का निरीक्षण

बाड़मेर, (नि.सं.)। जिला कलक्टर टीना डाबी ने गुरुवार को मध्यपूर्व एशिया में वर्तमान युद्ध जैसी परिस्थितियों के मद्देनजर जिले में घरेलू एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बाड़मेर शहर स्थित थार गैस सर्विस तथा चौहटन स्थित चौहटन इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण कर गैस सिलेंडरों के स्टॉक एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना सहित जिले के विभिन्न उपखंडों में उपखंड स्तरीय अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों एवं गोदामों का निरीक्षण कर स्टॉक तथा आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। बताया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षण संस्थानों एवं चिकित्सा संस्थानों को छोड़कर अन्य व्यावसायिक उपयोग में लिए जाने वाले गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

बैठक में बताया गया कि बाड़मेर जिले में तीनों प्रमुख गैस कंपनियों की कुल 33 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 3 लाख 35 हजार 450 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन लगभग 4 हजार 82 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जबकि 156 वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की भी नियमित आपूर्ति की जा रही है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में 14.2 किलोठाम के घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही जिले में अगले लगभग 5 दिनों के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा प्रतिदिन नियमित रूप से रीफिलिंग भी की जा रही है। उन्होंने बाड़मेर में संचालित होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से कहा कि वे भविष्य की मांगों का विवरण लिखित रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि इस संबंध में उच्च स्तर पर अवगत कराया जा सके।

जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत सहित होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित कई जने मौजूद रहे।

होली फाग महोत्सव 2026 का रंगारंग समापन

बालोतरा, (निसं)। माली समाज, बालोतरा की प्रेरणा से डेजर्ट ट्रेडिशनल आर्ट एण्ड यूथ सेंटर व माली (सैनी) संस्थान तथा शक्ति ग्रुप,वापी द्वारा प्रायोजित बालोतरा शहर के गांधीपुरा ,हनुवंत कोलोनी स्थित गेर मैदान में 5 से 11 मार्च तक आयोजित आंनद,उमंग और उल्लास से परिपूर्ण लोक विरासत-22 वें होली फाग महोत्सव 2026 का रंगारंग समापन समारोह बुधवार रात्रि में आयोजित हुआ।

देर रात तक चले इस कार्यक्रम में नरेश माली द्वारा गणेश वंदना,समारोह के विशेष आकर्षण डेजर्ट ट्रेडिशनल संस्थान की विश्व विख्यात आंगी -बांगी गेर, छतरी गेर और तलवार गेर नृत्य के शानदार उम्मदा प्रदर्शन से लोक कला संस्कृति की ऐसी छटा बिखेरी कि सभी को झुमने पर मजबूर कर दिया।माली समाज महिलावास डांडिया गेर, जसनाथ कालबेलिया पार्टी द्वारा चरी नृत्य, घूमर नृत्य व कालबेलिया नृत्य एवं लक्ष्य एकेडमी विकास परिहार के निर्देशन में बच्चों की गेर व माली समाज युवा मंडल,कनाना आंगी नृत्य सहित लोक कला एवं संस्कृति की विरासत की संवाहक रही।

इस दौरान सांस्कृतिक से जुडी अन्य कई विविध विधाओं पर संस्थान सहित अलग-अलग कला साधकों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरी।

मुख्य अतिथि के के विश्नोई उद्योग, खेल व युवा मामले मंत्री राजस्थान सरकार ने कहा कि भारत देश के साथ-साथ हमारे राजस्थान वासियों का कलरफुल जीवन रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोक कला एवं संस्कृति की लोक विरासत के बल पर विश्व पटल पर विख्यात है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पचपदरा विधायक डॉ. अरूणकुमार चौधरी ने हमारी लोक विरासत को जिंदा र